नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – 23

No. of Printed Pages – 11

# SS-10-Econ.

## अर्थशास्त्र (ECONOMICS)

### उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2022

**समय : 2 घण्टे 45 मिनट**

**पूर्णांक : 80**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

**GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :**

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

Candidates must write first his / her Roll No. on the question paper compulsorily.

(2) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**All** the questions are compulsory.

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें ।

Write the answer to each question in the given answer sheet only.

(4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।

For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.

(5) प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।

Write down the serial number of the question before attempting it.

OFFICE COPY

(6) प्रश्न-पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपांतर में किसी प्रकार की त्रुटि/अंतर/विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को ही सही मानें ।

If there is any kind of error / difference / contradiction in the Hindi & English versions of the question paper, the question of Hindi version should be treated valid.

(7) प्रश्न क्रमांक **17** से **23** में आन्तरिक विकल्प हैं । किसी एक विकल्प को हल कीजिए ।

Question Nos. **17** to **23** have the internal option. Attempt any one option.

## खण्ड – अ

## SECTION – A

1. बहुविकल्पी प्रश्न :

Multiple Choice Questions :

(i) 'द जनरल थ्योरी ऑफ इम्प्लॉयमेन्ट, इन्टरेस्ट एंड मनी' पुस्तक के लेखक हैं

(अ) एडम स्मिथ (ब) अल्फ्रेड मार्शल

(स) जॉन मेनार्ड कीन्स (द) पॉल सेम्यूअलसन

The author of the book 'The General Theory of Employment, Interest and Money' is 1

(A) Adam Smith (B) Alfred Marshall

(C) John Maynard Keynes (D) Paul Samuelson

OFFICE COPY

(ii) मानवीय श्रम का पारिश्रमिक है

(अ) लगान (ब) ब्याज

(स) मजदूरी (द) लाभ

The remuneration of human labour is 1

(A) Rent (B) Interest

(C) Wage (D) Profit

(iii) एक समयावधि में मापी जाने वाली मात्रा है

(अ) स्टॉक (ब) प्रवाह

(स) मूल्यह्रास (द) धन

A Quantity measured over a period of time 1

(A) Stock (B) Flow

(C) Depreciation (D) Wealth

(iv) भारत में करेंसी निर्गमित करने वाली संस्था है

(अ) बैंक ऑफ इण्डिया (ब) स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया

(स) यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया (द) रिज़र्व बैंक ऑफ इण्डिया

The institution issuing currency in India is 1

(A) Bank of India (B) State Bank of India

(C) Union Bank of India (D) Reserve Bank of India

(v) संव्यवहार के लिए सबसे तरल और आसान है

(अ) $M_1$ (बं) $M_2$

(स) $M_3$ (द) $M_4$

The most liquid and easiest for transactions 1

(A) $M_1$ (B) $M_2$

(C) $M_3$ (D) $M_4$

OFFICE COPY

(vi) भारत में वित्तीय वर्ष की अवधि है

(अ) 1 जनवरी से 31 दिसम्बर (ब) 1 मार्च से 30 अप्रैल

(स) 1 अप्रैल से 31 मार्च (द) 1 जुलाई से 30 जून

The period of Financial Year in India is 1

(A) 1 January to 31 December (B) 1 March to 30 April

(C) 1 April to 31 March (D) 1 July to 30 June

(vii) सभी महत्त्वपूर्ण निर्णय सरकार द्वारा किये जाने वाली अर्थव्यवस्था कहलाती है

(अ) पूँजीवादी अर्थव्यवस्था (ब) केन्द्रीकृत योजनाबद्ध अर्थव्यवस्था

(स) मिश्रित अर्थव्यवस्था (द) बाजार अर्थव्यवस्था

The economy in which all important economic decisions are made by the government, is called 1

(A) Capitalist Economy (B) Centrally Planned Economy

(C) Mixed Economy (D) Market Economy

(viii) सीमांत उपयोगिता की गणना का सूत्र है

(अ) $MU_n = TU_n - TU_{n-1}$ (ब) $MU_n = TU_n + TU_{n-1}$

(स) $MU_n = TU_n - TU_{n+1}$ (द) $MU_n = TU_n + TU_{n+1}$

The formula of calculating Marginal Utility 1

(A) $MU_n = TU_n - TU_{n-1}$ (B) $MU_n = TU_n + TU_{n-1}$

(C) $MU_n = TU_n - TU_{n+1}$ (D) $MU_n = TU_n + TU_{n+1}$

(ix) माँग फलन है

(अ) X = f(K) (ब) X = f(L)

(स) X = f(P) (द) X = f(Q)

The Demand function is 1

(A) X = f(K) (B) X = f(L)

(C) X = f(P) (D) X = f(Q)

OFFICE COPY

(x) पैमाने के प्रतिफल का संबंध है

(अ) अति अल्पकाल (ब) अल्पकाल

(स) अति दीर्घकाल (द) दीर्घकाल

Returns to scale is related with 1

(A) Very short run period (B) Short run period

(C) Very long run period (D) Long run period

(xi) औसत उत्पाद वक्र का आकार होता है

(अ) यू आकार (ब) उलटा यू आकार

(स) क्षैतिजीय (द) ऊर्ध्वाधर

The shape of Average Product curve is 1

(A) U shaped (B) Inverse U shaped

(C) Horizontal (D) Vertical

(xii) कुल परिवर्ती लागत शून्य होती है

(अ) जब निर्गत अधिकतम होता है। (ब) जब निर्गत न्यूनतम होता है।

(स) जब निर्गत शून्य होता है। (द) जब निर्गत स्थिर होता है।

Total Variable Cost is zero 1

(A) when the output is highest. (B) when the output is lowest.

(C) when the output is zero. (D) when the output is constant.

2. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :

Fill in the blanks :

(i) जब कोई देश विश्व के अन्य देशों से वस्तुएँ खरीदता है तो उसे ________ कहते हैं।

When a country buys goods from other countries of the world, it is called ________. 1

(ii) ________ विनिमय का एक सर्वमान्य माध्यम है।

________ is a common medium of exchange. 1

(iii) गैर-योजनागत व्यय का प्रमुख मद ________ है।

The main item of non-plan expenditure is ________. 1

OFFICE COPY

(iv) संसाधनों की कमी ________ की समस्या को जन्म देती है।

Scarcity of resources give rise to the problem of ________. 1

(v) ________ सभी उपभोक्ताओं की सम्मिलित माँग का जोड़ होती है।

The ________ is the total demand of all the consumers. 1

(vi) ________ फलन आगतों व निर्गतों के मध्य संबंध को दर्शाता है।

________ function shows the relationship between inputs and outputs. 1

3. निम्न प्रश्नों के उत्तर **10-20** शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in **10-20** words :

(i) पूँजीवादी अर्थव्यवस्था की कोई एक विशेषता लिखिए।

Write any one characteristic of a capitalist economy. 1

(ii) राष्ट्रीय प्रयोज्य आय को स्पष्ट कीजिए।

Explain the National Disposable Income. 1

(iii) एक फर्म एक वर्ष में ₹ 100 मूल्य की वस्तु का उत्पादन करती है। उस वर्ष में ₹ 40 की मध्यवर्ती वस्तु का उपयोग किया जाता है तो फर्म का सकल मूल्यवर्धित परिकलित कीजिए।

A firm produces goods of worth ₹ 100 in a year. In that year intermediate goods of worth ₹ 40 is used. Calculate the gross value added. 1

(iv) यदि आपका व्यावसायिक बैंक में बचत खाता है तो इस खाते में जमा राशि कौन सी जमा कहलाएगी ?

If you have savings account in a commercial bank, what type of deposit is called the deposit in this account ? 1

(v) बैंक दर क्या है ? समझाइए।

What is Bank rate ? Explain. 1

(vi) संतुलित बजट को परिभाषित कीजिए।

Define Balanced Budget. 1

(vii) सरकारी बजट का कोई एक उद्देश्य बताइए।

State any one objective of government budget. 1

(viii) अर्थव्यवस्था के उत्पादन संभावना सेट से क्या आशय है ?

What is meant by production possibility set of an economy ? 1

(ix) यदि केलों की कीमतें 40 प्रतिशत बढ़ती है तो केलों की माँग 20 प्रतिशत घट जाती है, तो माँग की कीमत लोच क्या होगी ?

If price of bananas increases by 40 percent, demand for bananas drops by 20 percent. What will be the price elasticity of demand ? 1

(x) अल्पकाल क्या है ?

What is short-run period ? 1

(xi) सीमांत उत्पाद की गणना का सूत्र लिखिए।

Write the formula to calculate marginal product. 1

(xii) पूर्ण प्रतिस्पर्धात्मक बाजार का कोई एक लक्षण लिखिए।

Write any one feature of a perfectly competitive market. 1

OFFICE COPY

## खण्ड – ब

## SECTION – B

निम्न प्रश्नों के उत्तर **30-40** शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in **30-40** words :

4. उपभोक्ता वस्तुओं तथा पूँजीगत वस्तुओं के प्रत्येक के कोई दो उदाहरण दीजिए ।

   Give any two examples each of consumer goods and capital goods. **1 + 1 = 2**

5. सकल राष्ट्रीय उत्पाद एवं सकल घरेलू उत्पाद की अवधारणाओं को समझाइए ।

   Explain the concepts of Gross National Product and Gross Domestic Product. **1 + 1 = 2**

6. व्यावसायिक बैंकों के किन्हीं दो मुख्य कार्यों का वर्णन कीजिए ।

   Describe any two main functions of Commercial Banks. **1 + 1 = 2**

7. पूँजीगत प्राप्तियों की किन्हीं दो मदों का उल्लेख कीजिए ।

   Mention any two items of capital receipts. **1 + 1 = 2**

OFFICE COPY

8. सार्वजनिक वस्तुओं की कोई दो विशेषताएँ लिखिए ।

   Write any two features of public goods. **1 + 1 = 2**

9. प्रत्यक्ष कर एवं अप्रत्यक्ष कर के प्रत्येक के दो उदाहरण लिखिए ।

   Write two examples each of the direct taxes and indirect taxes. **1 + 1 = 2**

10. राजस्व घाटे की गणना कैसे की जाती है ?

    How revenue deficit is calculated ? **2**

11. अर्थव्यवस्था की कोई दो केन्द्रीय समस्याएँ लिखिए ।

    Write any two central problems of an economy. **1 + 1 = 2**

12. पूरक और स्थानापन्न वस्तुओं को उदाहरण की सहायता से समझाइए ।

    Explain complementary and substitute goods with an example. **1 + 1 = 2**

13. अनधिमान वक्र का एक रेखाचित्र बनाइए।

Draw a diagram of an indifference curve. 2

14. कुल स्थिर लागत वक्र किस आकार का होता है ? कोई एक कारण दीजिए।

What is the shape of Total Fixed Cost Curve ? Give any one reason. 1 + 1 = 2

15. औसत संप्राप्ति अवधारणा की व्याख्या कीजिए।

Discuss the concept of Average Revenue. 2

16. बाजार पूर्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

Explain the meaning of Market Supply. 2

## खण्ड – स

## SECTION – C

निम्न प्रश्नों के उत्तर **60-80** शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in **60-80** words :

OFFICE COPY

17. "सकल घरेलू उत्पाद बढ़ने के साथ कल्याण में वृद्धि नहीं होती।" इस कथन के संदर्भ में किन्हीं दो कारणों की व्याख्या कीजिए।

"Welfare does not increase with the increase in Gross Domestic Product." Discuss any two reasons with reference to the statement. 3

अथवा/OR

निम्न समंकों की सहायता से राष्ट्रीय आय ($NNP_{FC}$) की गणना कीजिए :

| | | |
|---|---|---|
| (i) | बाजार कीमत पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद | ₹ 1,000 करोड़ |
| (ii) | मूल्यह्रास | ₹ 200 करोड़ |
| (iii) | अप्रत्यक्ष कर | ₹ 150 करोड़ |
| (iv) | अनुदान | ₹ 250 करोड़ |

Calculate National Income ($NNP_{FC}$) with the help of following data :

| | | |
|---|---|---|
| (i) | Gross National Product at Market Price | ₹ 1,000 crore |
| (ii) | Depreciation | ₹ 200 crore |
| (iii) | Indirect taxes | ₹ 150 crore |
| (iv) | Subsidy | ₹ 250 crore |

18. केन्द्रीय बैंक के किन्हीं तीन कार्यों का वर्णन कीजिए ।

Describe any three functions of the Central Bank. $1 \times 3 = 3$

**अथवा/OR**

मुद्रा पूर्ति के नियंत्रण के किन्हीं तीन उपकरणों को समझाइए ।

Explain any three tools to control money supply.

OFFICE COPY

19. व्यष्टि अर्थशास्त्र एवं समष्टि अर्थशास्त्र को संक्षेप में समझाइए ।

Explain briefly Micro-Economics and Macro-Economics. 1½ + 1½ = 3

**अथवा/OR**

सकारात्मक आर्थिक विश्लेषण तथा आदर्शक आर्थिक विश्लेषण के मध्य अंतर स्पष्ट कीजिए ।

Differentiate between Positive Economic Analysis and Normative Economic Analysis.

20. एक वस्तु की कीमत ₹ 10 एवं पूर्ति 100 इकाइयाँ है । कीमत बढ़कर ₹ 12 होने पर पूर्ति बढ़कर 120 इकाइयाँ हो जाती है । पूर्ति की कीमत लोच ज्ञात कीजिए ।

The price of a commodity is ₹ 10 and the supply is 100 units. If the price increases to ₹ 12 and supply increases to 120 units, calculate the price elasticity of supply. 3

**अथवा/OR**

यदि एक पूर्ण प्रतिस्पर्धी बाजार में एक वस्तु की कीमत ₹ 10 प्रति इकाई है तो दी हुई सारणी में कुल सम्प्राप्ति एवं सीमान्त संप्राप्ति की गणना कीजिए :

| बेची गई मात्रा (इकाई) | कुल सम्प्राप्ति (₹) | सीमान्त सम्प्राप्ति (₹) |
|---|---|---|
| 1 | | |
| 2 | | |
| 3 | | |

If the price of a good in a perfectly competitive market is ₹ 10 per unit, compute the total revenue and marginal revenue in the given table :

| Quantity Sold (Units) | Total Revenue (₹) | Marginal Revenue (₹) |
|---|---|---|
| 1 | | |
| 2 | | |
| 3 | | |

OFFICE COPY

## खण्ड – द

## SECTION – D

निम्न प्रश्नों के उत्तर **100-150** शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in **100-150** words :

21. साख सृजन की किन्हीं दो सीमाओं को समझाइए ।

Explain any two limitations of credit creation. 4

**अथवा/OR**

मुद्रा पूर्ति के चार प्रमुख माप समझाइए ।

Explain the four major measures of money supply.

22. माँग वक्र की दिशा में गति को रेखाचित्रों की सहायता से स्पष्ट कीजिए ।

Explain movement along the demand curve with the help of diagrams. **4**

**अथवा/OR**

माँग की कीमत लोच की ज्यामितीय विधि को सचित्र समझाइए ।

Explain the geometric method of price elasticity of demand with a diagram.

23. परिवर्तनशील अनुपात के नियम की व्याख्या रेखाचित्र की सहायता से कीजिए ।

Discuss the law of variable proportions with the help of a diagram. **4**

**अथवा/OR**

OFFICE COPY

औसत स्थिर लागत तथा औसत परिवर्ती लागत की रेखाचित्रों की सहायता से व्याख्या कीजिए ।

Discuss Average Fixed Cost and Average Variable Cost with the help of diagrams.

---